नवभारत
www.navbharatlive.com

एमसीए की छात्रा सुप्रिया शिंदे "बेस्ट मीडिया डायरेक्टर" पुरस्कार से सम्मानित

सोलापुर विवि का साइबर क्लब पुरस्कृत

■ **सोलापुर,** (सं.) पुणे में क्विक हिल फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'साइबर सुरक्षा के लिए साइबर शिक्षा' समारोह में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापुर विश्वविद्यालय के साइबर क्लब को प्रतिष्ठित "बेस्ट मीडिया डायरेक्टर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों प्रदान किया गया. इस अवसर पर, एमसीए की छात्रा सुप्रिया शिंदे को "सर्वश्रेष्ठ मीडिया निदेशक" पुरस्कार से सम्मानित किया गया. समारोह में कुलपति डॉ. प्रकाश महानवर, कम्प्यूटर विज्ञान संकुल के संचालक राजीव कुमार मेंते और विश्वविद्यालय के साइबर क्लब की मुख्य अधिकारी मालती जाधव, सायली शेलके, सुप्रिया शिंदे, शकुंतला बेले, क्विक हिल फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुपमा काटकर और डॉ. कैलाश काटकर, सह प्रबंध संचालक डॉ. संजय काटकर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल सालवी उपस्थित थे. साइबर सुरक्षा के लिए साइबर शिक्षा पहल के तहत, कम्प्यूटर साइंस संकुल के 22 छात्रों ने इस शैक्षणिक वर्ष में 144 प्रस्तुतियों के माध्यम से जिले के 95 स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 34,500 छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया. इन 22 छात्रों को क्विक हिल फाउंडेशन द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई.

छात्रों में पैदा की जागृति

छात्रों ने संकुल के संचालक डॉ. राजीव कुमार मेंते के मार्गदर्शन में नान्नज ग्राम पंचायत और माऊली कॉलेज, वडाला में एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन करके साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता भी पैदा की. कांचन निकंबे, सई अवताडे, रत्नप्रभा चंदनशिवे, ऋतुजा वाघमोडे, प्रवीण कोली, सिद्धरामय्या स्वामी, मोहिनी दुधाल, राहुल शिंदे, स्वप्नाली जाधव, वैष्णवी पाटिल, ऋद्धि खोकले और प्राजक्ता सरवदे को क्विक हिल फाउंडेशन द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

Pune Edition
Jan 20, 2025 Page No. 6
Powered by: navbharatlive.com